Rediffusion/Edelman

Published Date:	11 Nov 2017	Publication:	IANS (Hindi)
Edition:	Online		

दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा ने जीता टीसीएस आईटी विज का खिताब (21:51)

नई दिल्ली, 11 नवंबर (आईएएनएस)| टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल क्विज -टीसीएस आईटी विज में शनिवार को दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा ने टीसीएस आईटी विज का खिताब जीता। क्विज मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी परिवेश, कारोबार, व्यक्ति, नए रुझान और दिग्गजों समेत विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग पर केंद्रित था।